(ii) Unilateral creation of GRP posts by the State Govt. without the approval of Railway Administration.

(iii) Non availability of funds.

Railways have already been instructed to settle all clearly admissible claims of State Government on this account subject to availability of funds.

मध्य रेलवे के अन्तर्गत भोपाल रेलवे डिवीजन के साथ संसद सदस्यों की बैठक

3792. **श्री राघवजी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य रेलवे की भोपाल डिवीजन के साथ संसद सदस्यों की पिछली बैठक किस तारीख को हुई थी;

(ख) उक्त बैठक में क्या-क्या सुझाव दिये गये थे और किन-किन सुझावों का कार्यान्वयन प्रारम्भ कर दिया गया है तथा इस सम्बन्ध में आज की तारीख तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) किन-किन सुझावों पर अभी तक भी कार्यान्वयन शुरू नहीं किया गया है और कार्यान्वयन न करने के क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) मध्य रेल के भोपाल मंडल के अधिकारियों के साथ संसद सदस्यों की अंतिम बैठक 29.1.1997 को आयोजित की गई थी।

(ख) और (ग) सूचना एकत्रित की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Withholding of Coach Orders to Bharat Earth Movers Limited

3793. SHRI MUKESH R. PATEL:
SHRI SANJAY NIRUPAM:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have withheld orders for coach manufacturing to Bharat Earth Movers Ltd., Bangalore, if so, the reasons therefor;

(b) the requirement of railway coaches in our country per annum; and

(c) whether some agreements have been signed with other countries to meet the coach requirement in our country?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) No, Sir.

(b) The total requirement of coaches and EMUs projected during the IX Plan is about 12,500 coaches i.e. approximately 2,500 numbers per annum.

(c) For upgradation of technology, an order for supply of 24 modern light weight high speed coaches alongwith transfer of technology, has been placed on 16.10.95 on M/s Linke-Hoffman-Busch, Germany.

मुगलसराय-पटना-हावड़ा रेल लाइन का विद्युतीकरण

3794. **श्री राजनाथ सिंह सूर्य:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मुगलसराय-पटना-हावड़ा रेल लाइन का अभी तक विद्युतीकरण नहीं किया गया है और इस लाइन पर रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं और इसके परिणामस्वरूप यात्रियों को कठिनाई होती है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस रेल लाइन के विद्युतीकरण के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस कार्य को कब तक पूरा कर लिए जाने की सम्भावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) मुगलसराय-पटना-सीतारामपुर खंड पर विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है तथा सीतारामपुर से हावड़ा तक का खंड पहले से विद्युतीकृत है। हालांकि डीजल कर्षण पर पैसेंजर गाड़ियां संतोषजनक ढंग से चल रही हैं।

(ग) से (घ) सीतारामपुर से जसीडीह खंड ऊर्जित किया जा चुका है। सीतारामपुर-पटना-मुगलसराय पूरे खंड को दिसंबर, 1999 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।